ANNUAL EXAMINATION

Question Paper 2024

NCERT BASED SYLLABUS

FOR CBSE AND STATE BOARD
FOLLOWING NCERT

सत्रांत परीक्षा **2023 -24**

कक्षा **–** आठवीं

विषय **–** हिंदी

निर्धारित समय : 2.30घंटे पूर्णांक : 60

निर्देश –

(1) इस प्रश्न पत्र के चार खंड हैं – क , ख , ग एवं घ |

(2) सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

(3) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशःदीजिए ।

खंड **–**क **(**अपठित गद्यांश **)**

1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए | (1x 5 = 5)

परीक्षा में अनुत्तीर्ण एक बालक अपने साथियों के उपहास भरे शब्दों को सुनकर बहुत दुखी रहने लगा। उसने पढ़ना -लिखना , खाना-पीना सब कुछ छोड़ दिया | माता-पिता ने समझाया- ' बेटा ! जो हुआ उसे भूलकर आगे की सोचो'। किन्तु बालक को उनकी बातों से संतुष्टि नहीं मिली और मानसिक अशांति के कारण एक रात वह जीवन समाप्त करने के लिए घर से निकल पड़ा। रास्ते में उसने बौद्ध मठ में एक भिक्षुक की आवाज सुनी , जो कह रहा था -'पानी मैला क्यों नहीं होता, क्योंकि वह निरंतर बहता रहता है। पानी के मार्ग में बाधाएँ क्यों नहीं आती, क्योंकि वह बहता रहता है। पानी की एक बूँद झरने से नदी , नदी से महानदी और महानदी से समुद्र इसलिए है क्योंकि वह बहता रहता है। इसीलिए मेरे जीवन तुम रुको नहीं,असफलता से घबराओ नहीं। उन्हें लाँघकर दोहरी मेहनत करो। बहना और चलना ही जीवन है । एक असफलता से घबराकर उसी तरह सड़ जाओगे जिस तरह ठहरा हुआ पानी सड़ जाता है। इन बातों से बालक का खोया हुआ आत्मविश्वास लौटा। उसने आगे बढ़ने का संकल्प लिया। यही बालक बड़ा होकर वियतनाम देश का राष्ट्रनायक बना। उसका नाम था - ' हो ची मिन्ह' ।

1. बालक के दुखी रहने का कारण था .....।

(क) परीक्षा में अनुत्तीर्ण होना (ख) माता -पिता की डाँट का भय

(ग) साथियों के उपहास भरे शब्द (घ) अध्यापकों के अपमानजनक वाक्य

2. पानी के उदाहरण से बच्चे को कौन-सी महत्वपूर्ण शिक्षा मिली?

(क) पानी की तरह निर्मल बनो (ख) पानी की भाँति बाधाओं पर विजय पाओ

(ग) महानदी के समान महान बनो (घ) पानी की तरह निरंतर बहते रहो,चलते रहो

3. भिक्षुक के अनुसार जीवन की परिभाषा है .....।

(क) निरंतर गतिशीलता (ख) विफलताओं पर विजय

(ग) कठोर परिश्रम (घ) संकल्पशीलता

4. 'संकल्प' शब्द व्याकरण की दृष्टि से है .....।

(क) संज्ञा (ख) विशेषण

(ग) सर्वनाम (घ) क्रिया

schools.aglasem.com

aglasem.com

5. गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक है .....।

(क) पानी जैसी गतिशीलता (ख) आत्मविश्वास का महत्व

(ग) मेहनत ही जीवन (घ) संकल्प : सफलता का आधार

अपठित काव्यांश

प्रश्न 2.निम्नलिखित अपठित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए - (1 x 5 = 5)

कोशिश करने वाले की कभी हार नहीं होती।
लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती।
नन्हीं चींटी जब दाना लेके चलती है।
चढ़ती दीवारों पर सौ बार फिसलती है।
मन का विश्वास रगों में साहस भरता है।
चढ़कर गिरना, गिरकर चढ़ना न अखरता है।
आखिर उसकी मेहनत बेकार नहीं होती।
कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती।
डुबकियाँ सिन्धु में गोताखोर लगाता है।
जा-जाकर खाली हाथ लौट वह आता है।
मिलते न सहज ही मोती गहरे पानी में।
बढ़ता दूना उत्साह इसी हैरानी में।
मुट्ठी खाली उसकी हर बार नहीं होती।
कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती।

1 . हमारी रगों में साहस कौन भरता है?

(क) माता-पिता (ख) डॉक्टर

(ग) अध्यापक (घ) मन का विश्वास

2. चींटी की मेहनत बेकार क्यों नहीं होती ?

(क) लड़खड़ाती है, तृण ले जाती है| (ख) खड़ी रहती है, कण नहीं ले जाती है |

(ग) हार मान लेती है | (घ) बार-बार प्रयास करके कण ले जाने में सफल होती है|

3. गोताखोर को मोती कब मिलता है?

(क) किनारे बैठने से (ख) तैरने से

(ग) समुद्र में गोता लगाने से (घ) पास बैठने से

4. 'सिन्धु' शब्द का पर्यायवाची है –

(क) जलज (ख) जलधि (ग) जलाशय (घ) जलद

schools.aglasem.com

aglasem.com

5. किनकी हार नहीं होती?

(क) कायर की (ख) हिम्मती की (ग) मजदूर की (घ) सैनिक की

खंड –ख (व्याकरण पर आधारित)

प्रश्न 3 निम्न प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर दीजिए -

1x12= 12

(1) संज्ञा शब्द है –

(क) सज्जनता (ख) सज्जन (ग) मापना (घ) जाना

2.जिन संज्ञाओं से केवल महसूस किया जाता है वे कहलाती हैं –

(क) जातिवाचक (ख़) द्रव्यवाचक (ग) भाववाचक (घ) व्यक्तिवाचक

3. लाल गुलाब में विशेषण भेद लिखिए -

(क) गुणवाचक (ख) परिमाणवाचक (ग) संख्यावाचक (घ) इनमें से कोई नहीं

4. निम्नलिखितत में से द्वंद्व समास वाला विकल्प चुनिए –

(क) नीलकंठ (ख़) माता-पिता (ग) कमलनयन (घ) दोराहा

5.'विद्यार्थी ' का सही संधि विच्छेद है –

(क) विद्या + अर्थी (ख़) विद्य + आर्थी (ग) वि + द्यार्थी (घ) इनमें से कोई नहीं

6. 'आकाश 'शब्द का सही विलोम चुनिए –

(क) अम्बर (ख) आसमान (ग) पाताल (ग) पवन

7. उचित पर्यायवाची विकल्प चुनिए – सूर्य

(क) मयंक (ख) नीरज (ग) दिनकर (घ) सोम

8. राम ने कहा कि वह आज विद्यालय नहीं जाएगा | रेखांकित का कारक भेद चुनिए –

(क) कर्ता (ख) कर्म (ग) करण (घ) सम्बन्ध

9. शुद्ध वर्तनी वाला विकल्प चुनिए –

(क) ग्यान (ख) ज्ञान (ग) गीयान (घ) इनमें से कोई नहीं

10. शुद्ध वाक्य चुनिए-

(क) यह काम किसने करा है |

(ख) यह काम किसने किया है ?

(ग) काम किसने किया यह है !

(घ) काम यह किसने है करा |

11. रिक्त स्थान की पूर्ति उचित मुहावरे से कीजिए –

(क) भारतीय सेना ने शत्रुओं की ..... |

schools.aglasem.com

aglasem.com

(क) दाँतों तले ऊँगली दबा दी (ख) तिल का ताड़ बना दिया
(ग) जहर का घूँट पी लिया (घ) ईंट से ईंट बजा दी

12. पानी परात को हाथ छुयो नहिं नैनन के जल सों पग धोए – पंक्ति में कौन -सा अलंकर है –
(क) अनुप्रास (ख) उपमा (ग) यमक (घ) अतिशयोक्ति

खंड **–(ग) 'वसंत ' पर आधारित**

प्रश्न 4 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए| 1x5=5

पुडुकोट्टई (तमिलनाडु): साइकिल चलाना एक सामाजिक आन्दोलन है – है न! लेकिन चौंकने की बात नहीं है। पुडुकोट्टई जिले की कई नवसाक्षर ग्रामीण महिलाओं के लिए ये अब आम बात है। अपने पिछड़ेपन पर लात मारने , विरोध व्यक्त करने और उन जंजीरों को तोड़ने का जिनमें वे जकड़े हुए हैं, कोई न कोई तरीका लोग निकाल ही लेते हैं। कभी- कभी ये तरीके अजीबो- गरीब होते हैं।

(1) उपर्युक्त गद्यांश के लेखक का नाम है -
(क) रामधारी सिंह दिनकर (ख) महादेवी वर्मा (ग) पी. साईंनाथ (घ) कामतानाथ

(2) पुडुकोट्टई जिले में साइकिल चलाने का कैसा अन्दोलन चला ?
(क) राष्ट्रीय (ख) सामाजिक (ग) धार्मिक (घ) प्रादेशिक

(3) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ का नाम है -
(क) पहिये का आन्दोलन (ख) जहाँ पहिया है (ग) पहिया है जहाँ (घ) पहिया बना सामाजिक आन्दोलन

(4) सामाजिक शब्द में प्रत्यय बताइए –
(क) जिक (ख) क (ग) इक (घ) समाज

(5 पुडुकोट्टई किस प्रदेश में है –
(क) केरल (ख) कर्नाटक (ग) उड़ीसा (घ) तमिलनाडु

प्र.5 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए – 1X5=5

मैया, कबहिं बढ़ैगी चोटी?
किती बार मोहिं दूध पियत भई, यह अजहूँ है छोटी ।
तू जो कहति बल की बेनी ज्यौं, ह्वै है लाम्बी–मोटी ।
काढ़त – गुहत न्हवावत जैहै, नागिनी सी भुइँ लोटी ।
काँचौ दूध पियावत पचि – पचि, देति न माखन– रोटी ।
सूर चिरजीवौ दोउ भैया, हरि-हलधर की जोटी ।

1. कवि का नाम लिखिए ।
(क) कबीर (ख) सूरदास (ग) मीरा (घ) तुलसीदास

schools.aglasem.com
aglasem.com

2. कृष्ण माता यशोदा से क्या पूछ रहे हैं ?

(क) वे कब खेलने जाएँगे (ख) उनकी चोटी कब बढ़ेगी

(ग) माँ उन्हें माखन रोटी कब देंगी (घ) वे बलराम के साथ खेलने जाएँ ?

3. कृष्ण माँ यशोदा से चोटी के बारे में क्या कहते हैं?

(क) बलराम की तरह बड़ी हो जाएगी

(ख) लम्बी और मोटी होकर नागिन की तरह जमीन पर लोटेगी

(ग) तुम कच्चा दूध पिलाती हो फिर भी यह छोटी है

(घ) उपरोक्त सभी

4.कृष्ण को क्या खाना अच्छा लगता है ?

(क) दूध –मलाई (ख) माखन-रोटी (ग) दही-रोटी (घ) कच्चा दूध

5. कृष्ण की बातें सुनकर माँ यशोदा उन्हें क्या आशीर्वाद देती है ?

(क) माखन-रोटी देती हैं (ख) कच्चा दूध पिला देती हैं

(ग) सांत्वना देती हैं (घ) गले लगाकर कृष्ण और बलराम की जोड़ी बनी रहे आशीष देती हैं

प्रश्न 6. निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं दो</u> प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (2x2=4)

(क) आपके विचार से अंग्रेज ने पुराना लोटा क्यों खरीद लिया ? पाठ 'अकबरी लोटा ' के आधार पर लिखिए ||

(ख) बाज़ के लिए लहरों ने गीत क्यों गाया था ?

(ग) साइकिल आंदोलन से पुडुकोट्टई की महिलाओं के जीवन में कौन-कौन से बदलाव आए हैं ?

प्रश्न 7. निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं दो</u> के उत्तर लिखिए- (2 x 2 = 4)

(क) मक्खन चुराते और खाते समय श्रीकृष्ण थोड़ा- सा मक्खन बिखरा क्यों देते हैं ?

(ख) द्वारका से खाली हाथ लौटते समय सुदामा मार्ग में क्या- क्या सोचते जा रहे थे ? वे कृष्ण के व्यवहार से क्यों खीझ रहे थे? सुदामा के मन की दुविधा को अपने शब्दों में प्रकट कीजिए |

(ग) पक्षी और बादल द्वारा लाई गई चिट्ठियों को कौन-कौन पढ़ पाते हैं ?

प्रश्न 8 निम्नलिखित में से <u>किन्हीं तीन</u> प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (2X3 = 6)

(क) भारत का नेपोलियन किसे कहा जाता है और क्यों ?

(ख) आजादी से पहले किसानों की कौन-कौन सी समस्याएँ थीं ?

(ग) राजा राममोहन राय ने मुख्य रूप से कौन -सी कुरीति का अंत किया ?

(घ) ईस्ट इण्डिया कंपनी भारत कब और किस उद्देश्य से आई ?

प्र. 9 अपने विद्यालय के प्राचार्य को फीस माफ करवाने हेतु प्रार्थना-पत्र लिखिए | (5)

अथवा

स्वस्थ रहने के लिए नियमित योगाभ्यास करने का सुझाव देते हुए छोटे भाई को पत्र लिखिए।

schools.aglasem.com

aglasem.com

प्र. 10 दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर तीन में से किसी एक विषय पर 80 से100 शब्दों में निबंध लिखिए- (5)

(क) विद्यार्थी और अनुशासन:

संकेत बिंदु -

.विद्यार्थी और अनुशासन का अटूट सम्बन्ध

. अनुशासन छात्र के लिए अनिवार्य

.अनुशासन और विद्यालय

. उपसंहार ।

(ख) श्रम का महत्त्व:

संकेत बिंदु-

. प्रस्तावना- श्रम का महत्त्व

. श्रम सफलता की कुंजी

. महापुरुषों के उदाहरण

. श्रम और देश की संस्कृति

(ग) सच्चा मित्र

संकेत बिंदु-

.प्रस्तावना- जीवन में मित्र की आवश्यकता,

. मित्रता की पहचान,

. मित्रता सब सुखों का मूल,

. उपसंहार ।

11. दो मित्रों के बीच वार्षिक परीक्षा की तैयारी को लेकर हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए | 4

अथवा

पिता और पुत्र के बीच जंक फ़ूड (फ़ास्ट फ़ूड) के लाभ –हानि पर हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए |

schools.aglasem.com

aglasem.com

सत्रांत परीक्षा **(2023-24)**
अंक योजना एवं उत्तर संकेत
कक्षा **–** आठवीं
विषय **–** हिंदी

समय**- 2:30** पूर्णांक **– 60**

सामान्य निर्देश **: -**

- इस अंक योजना का उद्देश्य मूल्याङ्कन को अधिकाधिक वस्तुनिष्ठ बनाना है |
- यदि छात्र इन अंक-योजना से भिन्न किन्तु उपयुक्त उत्तर दें, उन्हें अंक दिए जाएँ |
- सामान त्रुटियों के लिए स्थान-स्थान पर अंक न काटे जाएँ |

उत्तर **(1)** **(1X5=5)**

1 – (ग) : साथियों के उपहास भरे शब्द
2 – (घ) : पानी की तरह निरंतर बहते रहो, चलते रहो
3 – (क) : निरंतर गतिशीलता
4 – (क) : संज्ञा
5 – (क) : पानी जैसी गतिशीलता

उत्तर **(2)** **(1X5=5)**

1 – (घ) : मन का विश्वास
2 – (घ) : बार बार प्रयास करके कण ले जाने में फसल होती है
3 – (ग) : समुद्र में गोता लगाने से
4 – (ख) : जलधि
5 – (ख) : हिम्मती की

उत्तर **3-** **(1X12=12)**

(1) संज्ञा शब्द है – **(क)** सज्जनता

2. जिन संज्ञाओं से केवल महसूस किया जाता है वे कहलाती हैं –**(ग)** भाववाचक

3. लाल गुलाब में विशेषण भेद लिखिए **-(क)** गुणवाचक

4. निम्नलिखितत में से द्वंद्व समस वाला विकल्प चुनिए – **(ख़)** माता-पिता

5. सही संधि विच्छेद वाला चुनिए – **(क)** विद्या **+** अर्थी

6. सही विलोम शब्द चुनिए –**(ग)** पाताल

7. उचित पर्यायवाची विकल्प चुनिए – **(ग)** दिनकर

8. राम ने कहा कि वह आज विद्यालय नहीं जाएगा | रेखांकित का कारक भेद चुनिए – **(क)** कर्ता

9. शुद्ध वर्तनी वाला विकल्प चुनिए –**(ख)** ज्ञान

10. शुद्ध वाक्य चुनिए- **(ख)** यह काम किसने किया है **?**

11. रिक्त स्थान की पूर्ति उचित मुहावरे से कीजिए –

schools.aglasem.com
aglasem.com

(क) भारतीय सेना ने शत्रुओं की ..... दी | (घ) ईंट से ईंट बजा दी

12. पानी परत को हाँथ छुयो नहीं नैनं के जल से पग धोए – पंक्ति में कौन सा अलंकर है – (घ) अतिशयोक्ति

उत्तर **(4)** **(1X5=5)**

1 (ग) लेखक का नाम- पी. साईंनाथ

2 (ख) सामाजिक

3 (ख) जहाँ पहिया है

4 (ग) इक

5 (घ) तमिलनाडु

उत्तर **(5)** **(1X5=5)**

1. कवि का नाम लिखिए । (ख़) सूरदास
2. कृष्ण माता यशोदा से क्या पूछ रहे हैं ? (ख) उनकी चोटी कब बढ़ेगी
3. कृष्ण माँ यशोदा से चोटी के बारे में क्या कहते हैं? (घ) उपरोक्त सभी
4. कृष्ण को क्या खाना अच्छा लगता है ? (ख) माखन-रोटी
5. कृष्ण की बातें सुनकर माँ यशोदा उन्हें क्या आशीर्वाद देती है ?
(घ) गले लगाकर कृष्ण और बलराम की जोड़ी बनी रहे आशीष देती हैं

उत्तर **(6)** **(2X2=4)**

(क) अंग्रेज ऐतिहासिक वस्तुओं के संग्रह का शौक़ीन था | इसके अलावा उसका पड़ोसी मेजर डगलस इस अंग्रेज को अपनी ऐतिहासिक वस्तुएँ दिखाकर डींग मारता था |

(ख) साइकिल आन्दोलन से पुडुकोट्टई की महिलाओ में निम्न बदलाव आए-१- महिलाओं में आत्मविश्वास की भावना जागृत हुई |

२- वे रूढ़िवादिता व पुरुषों द्वारा थोपे गए रोजमर्रा के घिसे–पिटे दायरे से बाहर निकल सकी |

३- इससे उन्हें आत्मनिर्भर बनने का मौका मिला| अब उन्हें कहीं भी जाने हेतु किसी का मुँह नहीं ताकना पड़ता |

४- इससे महिलाओं की आय में वृद्धि हुई| वह अगल-बगल के गाँवों में भी उत्पाद बेचने जा सकती हैं |

५- सबसे बड़ी बात वे साइकिल को अपनी 'आज़ादी का प्रतीक' मानती हैं |

(ग) बाज़ ने शत्रुओं से लड़ते हुए अपना कीमती रक्त बहाया था और मरते दम तक आकाश की ऊँचाइयों को पाना चाहता था | वह साहसी और सकारात्मक विचारधारा का था | तभी तो उसे अपने जीवन से किसी प्रकार की शिकायत न थी | लहरों ने उसकी इसी वीरता और बहादुरी से प्रभावित हो कर गीत गाया |

उत्तर **(7)** **(2X2=4)**

(क) मक्खन चुराते और खाते समय श्री कृष्ण थोड़ा- सा मक्खन बिखरा देते थे क्योंकि मक्खन ऊँचे टंगे हांडियो में पड़ा होता था और श्री कृष्ण छोटे बालक थे | छोटे –छोटे हाथों से जब ऊपर चढ़कर छींके से मक्खन चुराते व साथियों को खिलाते तो जल्दी-जल्दी में थोड़ा – बहुत बिखर जाता था |

(ख) जब श्री कृष्ण ने विदाई के समय सुदामा की कोई मदद न की तो उन्हें बहुत बुरा लगा | वे सोचने लगते है कि यह किसी को क्या देगा भले ही बहुत धन संपत्ति इसके पास है | बचपन में तो थोड़ी – सी

schools.aglasem.com

aglasem.com

दही के लिए सभी के घर हाथ फैलाता था | वे कृष्ण के से व्यवहार से खीझ उठते है क्योकि उन्हें कृष्ण से ऐसी उम्मीद न थी कि वे उसे खाली हाथ ही लौटा देंगे | सुदामा के मन में दुविधा आ जाती है कि इतने आदर सत्कार से स्वागत व विदाई देने वाले कृष्ण ने ऐसा क्यों किया ?

(ग) पक्षी और बदल द्वारा लाई गई चिट्ठियों को पेड़,पौधे और पहाड़ पढ़ पाते हैं ?

उत्तर **(8)** **(2X3=6)**

(क) गुप्त साम्राज्य के समुद्र गुप्त को भारत का नेपोलियन कहा जाता है | उसके शासनकाल मे साम्राज्य काफी समृद्ध एवं शक्तिशाली था | इस काल मे भारत ने कला और साहित्य के क्षेत्र मे अभूतपूर्व उन्नति की |
(ख) गरीबी , कर्ज ,निहित स्वार्थ ,ज़मींदारों के अत्याचार , महाजन द्वारा शोषण करना ,भारी लगान और कर ,पुलिस के अत्याचार आदि |

(ग) राजा राममोहन राय ने मुख्य रूप से सती प्रथा का अंत किया, जिसमें पति की मृत्यु होने पर पत्नी भी जिंदा जलकर अपने प्राण दे देती थी |
(घ) ईस्ट इंडिया कंपनी भारत में सन 1600 में आयी | उसका उद्देश्य भारत में व्यपार करना था |

उत्तर:**(9)** पत्र – लेखन **(5)**

प्रारम्भ एवं समापन की औपचारिकताएं (पता, दिनांक, संबोधन, अभिवादन, समापन)
*विषय – सामग्री/ प्रस्तुति
* भाषा की शुद्धता

उत्तर:**(10)** निबन्ध – लेखन **(5)**
* विषय प्रतिपादन (दिए गए बिन्दुओं का पल्लवन)
* समग्र प्रभाव / प्रस्तुति
* भाषा की शुद्धता
उत्तर:**(11)** संवाद – लेखन **(4)**
* विषय के अनुकूल अपेक्षित उत्तर

schools.aglasem.com
AglaSem Earn while Learn Program. Send your papers and get paid.
Contact: support@aglasem.com aglasem.com

QUESTION PAPERS

GET PREVIOUS YEAR QUESTION PAPERS FOR ALL CLASSES FOR CBSE, ISCSE, ISC AND ALL ALL STATE BOARDS HERE AT AGLASEM.COM

BOARD WISE

- Andhra Pradesh Board Question Papers
- Assam Board Question Papers
- Bihar Board Question Papers
- Chhattisgarh Board Question Papers
- Goa Board Question Papers
- Gujarat Board Question Papers
- Haryana Board Question Papers
- Himachal Pradesh Board Question Papers
- J&K State Board Question Papers
- Jharkhand Board Question Papers
- Karnataka Board Question Papers
- Kerala Board Question Papers
- Madhya Pradesh Board Question Papers
- Maharashtra State Board Question Papers
- Manipur Board Question Papers
- Meghalaya Board Question Papers
- Mizoram Board Question Papers
- Nagaland Board Question Papers
- Orissa Board Question Papers
- Punjab Board Question Papers
- Rajasthan Board Question Papers
- Tamil Nadu Board Question Papers
- Telangana State Board Question Papers
- Tripura Board Question Papers
- Uttarakhand Board Question Papers
- Uttar Pradesh (UP) Board Question Papers
- West Bengal (WB) Board Question Papers